## महत्वपूर्ण एवं खास

### चार आईएएस अधिकारियों को मिली नवीन पदस्थापना

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों का नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार प्रसन्ना आर सचिव उच्च शिक्षा विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी छग इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ आयुक्त उच्च शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नीलम नामदेव एक्का आयुक्त बिलासपुर संभाग को अस्थायी रूप से सचिव मंत्रालय के पद पर पदस्थ किया गया है। जनक प्रसाद पाठक आयुक्त उच्च शिक्षा तथा अतिरिक्त प्रभार मिशन संचालक राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान को अस्थायी रूप से आयुक्त बिलासपुर संभाग के पद पर पदस्थ किया गया है वहीं राजेंद्र कुमार कटारा संचालक राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिसर तथा अतिरिक्त प्रभार मिशन संचालक राज्य साक्षरता मिशन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ मिशन संचालक राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### नाश्ता बनाने में देर हुई तो पति ने किया प्रताड़ित, रिपोर्ट दर्ज

**कोरबा (आरएनएस)।** नाश्ता बनाने में विलंब हो जाने पर पति ने पत्नी के साथ मारपीट की और धमकाया भी। पीड़िता सोनमती साहू पति दिनेश साहू 31 वर्ष सीएसईबी कालोनी शापिंग सेन्टर गुरुवारी बाजार के सामने थाना दर्री में रहती है। वह 25 अगस्त को सुबह 11.30 बजे थाना आकर बतायी कि पति छोटी-छोटी बात को लेकर गुस्सा करते हैं। घटना दिनांक को सुबह लगभग करीब 8 बजे नास्ता बनाने में लेट हुआ तो इसी बात को लेकर गाली दिया। सोनमती ने गाली देने से मना किया तो पति ने उसके दाहिने हाथ को मरोड़ दिया और किसी को बताने पर जान से मार दूंगा कहकर धमकी दे रहा था। घटना को सास, और जेठ देखकर छुड़ाये। पूर्व में भी पति दिनेश् साहू के द्वारा कई बार मारपीट किया गया है। सोनमती साहू की रिपोर्ट पर दिनेश साहू के विरुध्द धारा 115(2), 296, 351(2)-के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों से स्वास्थ्य विभाग सकते में

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के अन्य जिलों की तरह अब राजधानी में भी स्वाइन फ्लू मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। मंगलवार को स्वाइन फ्लू के 16 संदिग्ध मरीज मिले हैं। उनके स्वाब का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। अब तक रायपुर में 1 पॉजिटिव मरीज मिला है। राज्य में 19 केस दर्ज किए गए हैं। इस बीच मरीजों की बढ़ती संख्या देखकर अंबेडकर अस्पताल के पेइंग वार्ड को आइसोलेशन कर उसे स्वाइन फ्लू पीड़ितों के लिए रिजर्व कर दिया गया है। एक मरीज अभी भर्ती है। अस्पताल प्रशासन ने मेडिसिन और टीबी एंड चेस्ट विभाग को अलर्ट कर दिया है। फिलहाल सभी संदिग्ध मरीज टीबी एंड चेस्ट विभाग ही ट्रांसफर किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के महामारी नियंत्रण विंग के अफसरों के अनुसार अभी तक रायपुर में केवल एक ही मरीज के स्वाब में स्वाइन फ्लू के वायरस मिले हैं। प्रदेश में 19 मरीजों की पुष्टि हुई है।

### नाबालिग से अनाचार करने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा-रायपुर (आरएनएस)।** नाबालिग बालिका को आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया गया है, जिसकी रिपोर्ट पर आरोपी पवन कुमार बरगाह उम्र 20 वर्ष पीपरसत्ती थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 363, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपी को उसके ठिकाने पर घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया। जिस पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी अकलतरा, सउनि दाऊलाल बरेठ, म.प्र.आर. अनिता पाटले, आरक्षक शेषनारायण साहू, बृजपाल बर्मन का सराहनीय योगदान रहा।

# पीवीटीजी परिवारों को शासन की योजनाओं से किया जा रहा लाभान्वित
# 23 अगस्त से 10 सितंबर तक होगा दूसरे चरण का आयोजन

**रायपुर । आरएनएस**



आदिम जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम की पहल पर प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा एवं सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा के कुशल नेतृत्व में ''प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान'' (पीएम-जनमन) के दूसरे चरण अंतर्गत प्रदेश स्तर पर मिशन मोड पर पीवीटीजी परिवारों को केंद्र और राज्य सरकार के योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं पीवीटीजी बसाहटों का सुव्यवस्थित विकास भी किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना का दूसरा चरण 23 अगस्त से प्रारंभ होकर 10 सितंबर तक आयोजित होगी।

दूसरे चरण में प्रत्येक पीवीटीजी बसाहट के पास ही शिविर लगाकर हितग्राहियों का आधार कॉर्ड, राशन कॉर्ड, पीएम जनधन खाता, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मातृ वंदन योजना, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, बिजली, पानी, पक्की सडक़ एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही सभी नोडल विभागों से प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध की गई प्रगति की ऑनलाइन एंट्री भी की जा रही है।

**दूसरे चरण अंतर्गत अब तक 30 हजार 393 पीवीटीजी हितग्राहियों ने करवाया पंजीयन**

दूसरे चरण के अंतर्गत अब तक प्रदेश स्तर पर 18 पीवीटीजी बसाहटों वाले जिलों में कुल 284 कैम्प लगाए गए हैं। इनमें अभी तक 30 हजार 393 पीवीटीजी हितग्राहियों ने अपना पंजीयन करवाया है। अब तक की प्रगति के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार इसमें 1013 हितग्राहियों का आधार कार्ड, 1813 हितग्राहियों का आयुष्मान भारत कार्ड, 269 हितग्राहियों को पीएम किसान सम्मान निधि, 305 हितग्राहियों का किसान क्रेडिट कार्ड, 553 हितग्राहियों का पीएम जनधन योजना, 98 हितग्राहियों को पीएम मातृ वंदन योजना, 723 हितग्राहियों का राशन कार्ड, 414 हितग्राहियों का जाति प्रमाण-पत्र, 420 हितग्राहियों का वन अधिकार पत्र बनाकर लाभान्वित किया जा चुका है। इसके अलावा 821 पीवीटीजी बसाहटों में सुदर वॉल पेंटिंग भी गई है। दूसरे चरण में पीवीटीजी हितग्राहियों को आकर्षित करने हेतु 104 कैम्प वेन्यू पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं, योजना के प्रचार-प्रसार हेतु 710 होर्डिंग्स, पोस्टर, बैकड्रॉप कैम्प वैन्यू पर लगाए गए हैं इनमें योजना अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ की संक्षिप्त जानकारी बहुत ही सारगर्भित ढंग से दी गई है।

उल्लेखनीय है कि योजना अंतर्गत 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाना है। इन गतिविधियों में पक्के घर का प्रावधान, पक्की सडक़, नल से जल/समुदाय आधारित पेयजल, छात्रावासों का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहुउददेशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण (ग्रिड तथा सोलर पावर के माध्यम से), वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता और आजीविका संवद्र्धन हेतु कौशल विकास शामिल हैं। कुल मिलाकर विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों एवं उनकी बसाहटों का संपूर्ण विकास करना ही इस योजना का मुख्य लक्ष्य है। इन सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन मिशन मोड में तीन वर्ष की अवधि में पूर्ण कर सभी बसाहटों को आवश्यकतानुसार अधोसरंचनात्मक रूप से सुदृढ़ बनाना है।

## लैंको का टेकओवर करेगा अडानी ग्रुप, बनेगा राज्य का दूसरा सबसे बड़ा पावर प्लांट

**कोरबा । आरएनएस**



लैंको पावर प्लांट को जल्द ही अडानी ग्रुप टेकओवर करेगा. एनसीएलटी के आदेश के बाद से 4100 करोड़ रुपए में डील फाइनल हुई है. हालांकि इस पूरी प्रक्रिया में 2 महीने का समय लगेगा. लैंको अमरकंटक की क्षमता फिलहाल 600 मेगावाट है.

लंबे समय से लैंको अमरकंटक पावर प्लांट वित्तीय संकट से जूझ रहा है. इसके कारण ही 660म2 मेगावाट की दो इकाइयां निर्माणाधीन अवस्था में हैं. जिनका 60 से 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है. अडानी समूह द्वारा अधिग्रहण किए जाने के बाद अधूरे इकाइयों के भी जल्द पूरा होने की उम्मीद है. यदि ऐसा हुआ तो लैंको छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा पावर प्लांट बनेगा. इससे देश और प्रदेश को अतिरिक्त बिजली मिलेगी. साथ ही साथ रोजगार के भी नए अवसर पैदा होंगे.

बैंक लोन के एनपीए होने से पहले सितंबर 2019 में एनसीएलटी में वाद दायर किया गया था. इसमें लैंको प्रबंधन ने कर्ज चुकाने से हाथ खड़े कर दिए थे. इस पर एनसीएलटी ने लैंको को दिवालिया घोषित कर दिया था. इस तरह से अडानी ने एनसीएलटी के जरिए बोली लगाकर पावर प्लांट का अधिग्रहण कर लिया है. इसे खरीदने रिलायंस पावर ने भी प्रयास किया था. तकनीकी स्टाफ को छोड़ मेनेजमेंट स्तर के सभी काम अब अडानी समूह द्वारा टेकओवर किया जाएगा.

इसके साथ ही अडानी, एनटीपीसी के बाद छत्तीसगढ़ में दूसरा सबसे बड़ा बिजली उत्पादक समूह बनेगा. इसके साथ ही अडानी की छत्तीसगढ़ में यह तीसरी बिजनेस प्रापर्टी होगी. इससे पहले अडानी समूह ने तिल्दा स्थित जीएमआर पावर प्लांट का टेकओवर किया था. वर्तमान में लैंको अमरकंटक पावर प्लांट से 300म2 मेगावाट की दो इकाइयां संचालित हैं. लेकिन इन्हें फुल लोड पर नहीं चलाया जाता. मांग के अनुसार ही सीमित क्षमता पर उत्पादन किया जाता है।

## फिर एक और प्राइवेट अस्पताल पर कार्यवाई, कलेक्टर ने दिलाया 60 हजार रूपए

**रायपुर । आरएनएस**




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में एक फोन कॉल पर समस्या का समाधान हो रहा है। आरंग के बकतरा निवासी सुशील कुमार मनहरे ने एक निजी अस्पताल प्रबंधन पर इलाज के दौरान ज्यादा राशि लिए जाने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि डीडीनगर स्थित ग्लोबल स्टार अस्पताल में अपने 51 वर्षीय पिता छक्कन दास मनहरे की तबीयत खराब होने पर भर्ती कराया था। उनका आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने 82 हजार रूपए वसूला। जबकि बिल महज 21828 रूपए का दिया। उन्होंने बाकी के पैसों का हिसाब पूछा, तो अस्पताल प्रबंधन ने बताने से मना कर दिया। जिसको लेकर मरीज के परिजनों ने कलेक्टोरेट के जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में फोन किया और उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए संबंधित अस्पताल से मामले की जानकारी मांगी गई। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने गलती मानी साथ ही मरीज के परिजनों को इलाज के दौरान ज्यादा ली गई राशि 60 हजार रूपए को नगद वापस कराया। समस्या का निदान होने पर मरीज के पुत्र सुशील कुमार मनहरे सहित परिजन काफी खुश है और उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति भी आभार जताया।

## विधायक देवेंद्र यादव की बढ़ी मुश्किलें, अब जेल में रहना होगा 3 सितंबर तक : वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये हुए पेश

**रायपुर । आरएनएस**



बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड बढ़ा दी गई है। अब देवेंद्र यादव को 3 सितंबर तक जेल में रहना होगा। दरअसल, आज सेन्ट्रल जेल से विधायक देवेंद्र यादव को वीडियो कॉफेंसिंग के जरिये सीजीएम अजय खाखा की कोर्ट में पेश किया गया। मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुये विधायक की रिमांड तीन सितंबर तक बढ़ा दी है।

मालूम हो कि इससे पहले 17 अगस्त की दोपहर को बलौदाबाजार पुलिस ने देवेंद्र यादव को उनके निवास से गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस उन्हें लेकर बलौदाबाजार पहुंची। देर रात पुलिस ने विधायक देवेंद्र यादव को बलौदा बाजार के सीजेएम राजेश खाखा के न्यायालय में पेश किया गया था। यहां से कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए न्यायिक रिमांड पर सेंट्रल जेल भेजा।

बता दें, बलौदाबाजार के सिटी कोतवाली में विधायक देवेंद्र यादव पर सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की धाराओं के तहत दर्ज है।बलौदाबाजार में तोडफ़ोड़ एवं आगजनी की घटना में शामिल कुल 184 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर । आरएनएस**



कोल स्कैम केस में सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। सौम्या ने इस बार सुप्रीम कोर्ट से निलंबित आईएएस रानू साहू और सुनील अग्रवाल की जमानत को आधार बनाया था। सौम्या करीब 16 महीने से जेल में बंद हैं। ये तीसरी बार है, जब हाईकोर्ट से सौम्या की जमानत खारिज की गई है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। इससे पहले कोल स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट भी याचिका खारिज कर चुका है। कोर्ट ने गलत तथ्य पेश करने पर उन पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था।

सुनवाई के दौरान कोल लेवी मामले में आरोपी सौम्या चौरसिया ओर से सुप्रीम कोर्ट के आदेश को आधार बनाया गया। साथ ही आग्रह किया गया कि, आवेदिका के बच्चे छोटे हैं। करीब डेढ़ साल से वह जेल में है। मामले की सुनवाई में लंबा समय लगना है। ऐसे में उन्हें जमानत दे दी जाए। पिछली कांग्रेस सरकार में ताकतवर और प्रभावशाली अफ सर रहीं सौम्या चौरसिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी भी रह चुकी हैं। उन्हें कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे सेंट्रल जेल रायपुर में बंद हैं। ईडी ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपए की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी। जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। ईडी ने इस मामले में सूर्यकांत तिवारी, कोल वॉशरी संचालक सुनील अग्रवाल, समीर बिश्नोई, रानू साहू, सौम्या चौरसिया समेत अन्य को अलग-अलग तारीखों पर गिरफ्तार किया था।

## पुराने विवाद में युवक पर जानलेवा हमला: चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी को मरीन ड्राइव से गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास अपराध भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



चक्रधरनगर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी अशोक बेहरा उर्फ बिट्टू को मरीन ड्राइव के पास मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपित पर 19 अगस्त 2024 की रात प्राची बिहार, चक्रधरनगर में रहने वाले लक्ष्मी प्रसाद खैरवार (22 वर्ष) पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।

पीड़ित ने 20 अगस्त 2024 को चक्रधरनगर थाने में आरोपित के विरूद्ध अप.क्र. 386/2024 धारा 296, 351(2), 115(2) BNS के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया कि अशोक बेहरा उर्फ बिट्टू ने पुराने विवाद के चलते गाली-गलौच के बाद उसे धारदार हथियार से पेट में वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मेडिकल रिपोर्ट में लक्ष्मी प्रसाद की चोटों को गंभीर बताया गया है। चक्रधरनगर टीआई प्रशांत राव ने घटना की जांच करते हुए विवेचना दरम्यान प्रकरण में धारा 109(1) बीएनएस जोड़ा गया है। आरोपी अशोक बेहरा उर्फ बिट्टू पिता राकेश बेहरा 23 साल निवासी चांदनी चौंक तिउरपारा, थाना कोतवाली को मुखबीर सूचना पर मरीन ड्राइव में घूमते हुए पकड़ा गया, जहां गवाहों की मौजूदगी में उसे पहचानकर गिरफ्तार किया गया।

आरोपी ने पुलिस के सामने अपने अपराध को स्वीकार किया और घटना में इस्तेमाल किए गए चाकू को भी पेश किया। आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज : शरीर के संपूर्ण विकास के लिए खाएं कृमिनाशक दवा

**❒ गंभीर रूप से बीमार और एक साल से छोटे बच्चो को कृमिनाशक दवा नही खिलाएं**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के कार्यक्रम 29 अगस्त को मनाया जायेगा। वैसे तो प्रतिवर्ष अगस्त एवम फरवरी में इन दो दिवस को कृमि मुक्ति दिवस के रूप में मनाते है, जिसमे 1 वर्ष से 19 वर्ष के सभी बच्चो को कृमि मुक्ति के लिए अल्बेंडेजोल की दवाई खिलाई जाती है। वर्ष में दो गोली खा लेने पर शरीर से कृमि की नाश हो जाती है। अभी 29 अगस्त को यह दवाई खिलाई जायेगी जो बच्चे किसी कारण वश 29 अगस्त को कृमि नाशक गोली नही खा पाएंगे। उन्हे 4 सितंबर को यह गोली खिलाई जायेगी। इन तिथियों में जिले के सभी आगनवाड़ी केंद्र, शासकीय एवम गैर शासकीय विद्यालय, अनुदान प्राप्त शाला, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, निजी स्कूल, महाविद्यालय, तकनीकी शिक्षा संस्थान, नर्सरी स्कूलों में अध्ययनरत 1 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चो की कृमि नाशक गोली खिलाई जायेगी। जिन बच्चो को 29 अगस्त को गोली किन्ही कारणों से दवाई नही खिला पाएंगे। उन्हे 29 सितंबर को माप अप राउंड के रूप में गोली खिलाएंगे। बच्चो को कृमिनाशक गोली क्यों खिलाना जरूरी है। बच्चो में स्वास्थ्य एवम पोषण का स्तर सुधारने ,बच्चो में रक्त अल्पता ( एनीमिया ) की रोकथाम के लिए, बच्चो में बौद्धिक विकास के लिए, बच्चो की शारीरिक विकास के लिए, बच्चो में मानसिक विकास के लिए तथा शालाओं में बच्चो की उपस्थिति सुधार के लिए जरूरी है। ऐसे बच्चो की संख्या जिले में 2 लाख 40 हजार के संख्या में है जिन्हे कृमि नाशक गोली खिलाई जानी है।

कृमिनाशक गोली कब, कहां, कौन और कैसे खिलाएंगे

कृमिनाशक गोली कब, कहां, कैसे और कौन खिलाएगा। इसके लिए 1 से 2 वर्ष के बच्चे को आधी गोली पीस कर पानी के साथ आंगनवाडी कार्यकर्ता आंगनवाडी केंद्रों में दवाई खिलाएंगे, 2 से 3 वर्ष के बच्चे को भी आंगनवाडी कार्यकर्ता, अपने संस्था में एक पूरी गोली को चुरा करके पानी के साथ खिलाएंगे, 3 से 5 वर्ष के बच्चे को आंगनवाडी केंद्रों में उनके कार्यकर्ताओ के द्वारा एक पूरी गोली को चबाकर खिलाई जायेगी तथा 5 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चो को पूरी एक गोली चबाकर खाने दिया जाएगा, जिसे स्कूल के नोडल शिक्षक या प्रभारी शिक्षक के द्वारा स्कूल में खिलाई जायेगी, जो बच्चे स्कूल में उपस्थित नही रहेंगे। 29 तारीख को उनका चिन्हांकन करके 4 सितंबर को माप अप राउंड के रूप में उन्ही स्थान गोली खिलाई जायेगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति की इस अभियान में अंतर्विभागीय समन्वय की जरूरत होती है जिसमे मुख्य रूप से स्वास्थ्य , शिक्षा , महिला एवम बाल विकास विभाग , स्वच्छ भारत मिशन , पंचायत एवम ग्रामीण विकास विभाग , राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, नेहरू युवा केंद्र ,राष्ट्रीय सेवा योजना , तथा अन्य सहयोगी संस्थाएं आपस में समन्वय करके अभियान चलाते है।